# प्राचार्य का कार्यालय, नालन्दा मेडिकल कालेज पटना

## निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना के केन्द्रीय पुस्तकालय/ विभिन्न विभागीय पुस्तकालयों हेतु अध्यतन संस्करण के मेडिकल पुस्तकों की आपूर्ति हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अन्दर निम्नलिखित बिन्दुओं पर संबंधित व्योरा देते हुए योग्य एवं FPBAI, New Delhi के मापदंड के शर्तो को पुरा करने वाले पुस्तक विक्रेताओं से निविदा मुहरबन्द लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा अंतिम तिथि को शाम 5.00 बजे तक प्राप्त की जायगी। अंतिम तिथि को रविवारिय अथवा राजपत्रित अवकाश होने पर दूसरे दिन शाम 5.00 बजे तक निविदा स्वीकार की जायगी। प्राप्त निविदा को निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि की अगली तिथि को 1.00 बजे दिन में क्रय समिति द्वारा खोली जायगी। उक्त अवसर पर आपूर्तिकर्त्ता स्वंय या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकतें है। निविदा की नियम एवं शर्ते तथा पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची कालेज वेबसाईट nmchpatna.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**निविदा की शर्ते** :– निविदा दो प्रकार की होगी (क) तकनिकी निविदा (ख) वित्तीय निविदा । तकनिकी निविदा एवं वित्तीय निविदा को अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़े लिफाफे में सील्ड कर, उस पर किस मद के लिये निविदा दिया जा रहा है, अंकित कर प्राचार्य,नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना–26 को भेजना होगा।

1. पुस्तक बिक्रेताओं / Subscription Agent के द्वारा प्रकाशित पुस्तक सूची में लेखक,शीर्षक,प्रकाशक अध्यतन संस्करण के साथ पुसत्क के टाइटिल का विस्तृत उल्लेख करना होगा।
2. बिहार वित संशोधन नियमावली 2005 के कंडिका–125 एवं GOC मानक तथा National Medical Commission के मानकों के अनुसार पुस्तकों का क्रय किया जायगा।
3. पुस्तकों का प्रकाशक कैटलॉग संलग्न करना होगा, जिस आधार पर पुस्तकों की अनुशंसा विभागाध्यक्ष, विभागीय चिकित्सक , पी.जी छात्र एवं सुपरस्पेशलिटी विषयों के विभागाध्यक्षों एवं स्नातक छात्रों के द्वारा किया जायगा।
4. आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा प्रकाशक कैटलॉग संलग्न करने पर क्रमांक–3 में अंकित श्रेणी के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा चयनित पुस्तकों एवं जर्नलों का क्रय हेतु क्रय समिति द्वारा अनुशंसा किया जायगा।

**तकनिकी निविदा के साथ निम्न कागजात संलग्न करना होगा** :–

1. FPBAI सदस्यता प्रमाण पत्र ।

8/7/26

8-7-26 P.Sinha 08/07/26 8/7/26 R.S.N.B 08/07/2026

2. आपूर्तिकर्त्ता का पैन कार्ड की छाया प्रति एवं विगत तीन Assessment Year का आयकर रिर्टन की छाया प्रति। पैन कार्ड कम्पनी या फर्म के नाम से होना अनिवार्य है।

3 निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 200,000.00 (दो लाख) रू0 मात्र का राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफट प्राचार्य,नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना होगा। असफलीभूत निविदादाता का अग्रधन लौटा दिया जायगा। सफलीभूत निविदा का अग्रधन आपूर्ति के पश्चात लौटा दिया जायगा।

4. निविदादाता को फर्म / कंपनी का निबंधन प्रमाण पत्र (Certificate of Incorporation) की प्रति जो Registrar of Companies द्वारा निर्गत हो तथा उसी निबंधित स्थान का ट्रेड लाइसेन्स नवीनतम एवं जी. एस. टी. संबंधी प्रमाण–पत्र, अघतन जी. एस0 टी. रिर्टन तथा क्लीरेन्स प्रमाण–पत्र की मूल प्रति जो लेखाकार द्वारा प्रमाणित हो, संलग्न करना अनिवार्य है ।

5. निविदादाता को विगत पॉच वर्षो का टर्न ओभर, प्रत्येक वर्ष 02 करोड़ से ज्यादा होना चाहिए। इस हेतु CA द्वारा निर्गत बैंलेंस सीट संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6. निविदादाता को विगत पॉच वर्षो में , प्रत्येक वर्ष पॉच अलग–अलग सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय में लगातार पुस्तकों/जर्नलों की आपूर्ति का क्रय आदेश एवं संबंधित परफारमेंस प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

7. 1000 रू0 मात्र के नन–जुडिसियल स्टाम्प पर प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत, आपूर्तिकर्ता को काली सूची में दर्ज नही होने, पुस्तकों का दर प्रकाशकीय दर से अधिक नही होने एवं आपूर्ति किये जाने वाले पुस्तक मूल (Original) एवं नवीनतम संस्करण की होगी, का मूल शपथ पत्र, जो फर्म के प्रोपाईटर एवं निदेशक द्वारा स्व–अभिप्रमाणित हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

8. निविदादाता को विगत 05 वर्षो का The Fedration of Publisher & Book Seller Association in India की प्रति संलग्न करना होगा ।

9. मेडिकल पुस्तक का मूल्य Subscription Agent/ प्रकाशक दर से अधिक नही होना चाहिए।

10. निविदादाता को पुस्तकों पर पुस्तकालय छूट का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

11. निविदादाता को सभी राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय जिसमें Oxford Univesity/ Cambridge Universiry/Wolter Kluver,Elsevier and WHO & LWW इत्यादि अधिकृत वितरकों का अधिकृत प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा, जो प्राचार्य के पदनाम एवं निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का निर्गत हो ।

12. FOR केन्द्रीय पुस्तकालय,नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना होगा। इसके लिये अलग से कोई राशि देय नही होगा।

8.7.26 P.Sinha 08/07/26 8/7/26 R.S.Mir 08/7/2026 8/7/26

13. चयनित आपूर्तिकर्त्ता को क्रय आदेश के बाद केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों की आपूर्ति तथा प्रथम पेज पर Originality प्रमाण अंकित करना होगा।

14. विदेशी प्रकाशको में पुस्तक का दर भारतीय मूद्रा पर परावर्तित दर या प्रकाशक दर होना चाहिए।

15. भारतीय प्रकाशन में पुस्तक का मूल्य/प्रकाशक दर देना होगा।

16. पुस्तकों का कोई अग्रिम राशि देय नही होगा।

17. अधोहस्ताक्षरी/क्रय समिति को किसी/सभी निविदाओं को रदद करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

18. निविदा में निर्धारित शर्त में से किसी भी शर्त का पालन नहीं करने की स्थिति में, निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।

19. किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र पटना उच्च न्यायालय,पटना होगा।

20. सभी अनुलग्नक स्वअभिप्रमाणित एवं पृस्टांकित होना चाहिए । मुख्य पृष्ठ पर कुल अनुलग्नकों की संख्या अंकित होना अनिवार्य है।

21. वित्तीय निविदा में पुस्तकों की सूची का मूल्य भारतीय रूपया में GST रहित एवं GST सहित Excell Sheet में CD के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**निविदा हेतु Excell Sheet का प्रारूप :–**

| Sl.No | Author | Name of Book | Price | Discount | Total |
|---|---|---|---|---|---|

8/7/26

**प्राचार्य**

नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना।

8/7/26 8.7.26

8.7.26 8/7/26

B.sinha 08/07/26 R.S.M.B 08/7/2026